तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 24 दिसंबर 2025

11 एनसीसी समाज से जोड़ने की एक विचारधारा : प्रो. सुदेश


12 फाइनल मुकाबलों में भिड़े मुक्केबाज


## खबर संक्षेप

### कोल्ड स्टोर से चोरी करने के आरोपी काबू

**सोनीपत।** सोनीपत जिले की क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत की पुलिस ने कोल्ड स्टोर से काली मिर्च के कट्टे चोरी करने की घटना में संलिप्त दो आरोपितों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सूरज निवासी हरदोई उत्तर प्रदेश और अफजल निवासी दादा पाटिल नगर दिल्ली के रूप में हुई है। दोनों को न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि 27 नवंबर को पितांबर पुत्र प्रेम वल्लभ निवासी जिला अल्मोड़ा उत्तराखंड, हाल सेक्टर-21 रोहिणी दिल्ली ने थाना कुंडली में शिकायत दी थी। शिकायत में बताया गया कि वह अरसन कोल्ड स्टोर, शिवपुरी कुंडली में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। गत 21 नवंबर को जांच के दौरान कोल्ड स्टोर से 30-30 किलोग्राम वजन के 33 कट्टे गायब पाए गए।

### पाई व तुर्कपुर से पशुधन चोरी, ग्रामीणों में रोष

**खरखौदा।** सर्दी के मौसम में क्षेत्र से लगातार पशु चोरी के मामले सामने आ रहे हैं। झिंझौली के बाद अब गांव पाई व तुर्कपुर से चोरों ने पशुओं को चोरी किया है। पशुपालकों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पाई गांव के मोहित का कहना है कि वह पशुपालक है और उसके पास पांच पशु हैं, जिन्हें वह शनिवार की रात को पशुबाड़े में बांधकर गेट पर ताला लगा घर आ गया। रात को उसके गांव के ही एक व्यक्ति ने फोन पर सूचना दी कि उसके पशुबाड़े का ताला टूटा हुआ है, वहीं उसने दो लोगों को भी यहां से जाते हुए देखा है। सूचना पाकर वह मौके पर पहुंचा तो उसकी एक भैंस व एक कटिया चोरी हुई मिली। वहीं तुर्कपुर के निखिल का कहना है कि उसके पास तीन भैंस थी, सुबह जब वह पशुओं को चारा डालने के लिए पशुबाड़े में गया तो उसकी एक भैंस व एक कटडा नहीं मिला।

### कुंडल में प्रोपर्टी डीलर के कार्यालय में चोरी

खरखौदा। कुंडल गांव में केएमपी एक्सप्रेसवे के पास बने प्रोपर्टी डीलर के कार्यालय से चोर इनवर्टर-बैट्री चोरी कर ले गए। कुंडल के मनीष का कहना है कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर आइएमटी के सामने प्रोपर्टी डीलर का आफिस किया हुआ है। जहां पर उन्होंने दो लोहे के कंटेनरों में अपने कार्यालय खोले हुए थे और दोनों में ही इनवर्टर-बैट्री लगाई हुई थी। जिसे चोर रात को ताला तोड़कर अंदर से चुरा ले गए।

### 20 दिन से ज्यादा की गोपनीय बैठकों के बाद दस्तावेज एजेंसी के पंचकूला कार्यालय पहुंचे

# फर्जी दाखिला घोटाला : शिक्षा विभाग ने सीबीआई को सौंपा स्कूलों का रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा के सरकारी शिक्षा तंत्र की जड़ों को हिला देने वाले बहुचर्चित फर्जी दाखिला और ग्रांट गबन घोटाले में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने अब अपना शिकंजा पूरी तरह कस दिया है। सोनीपत जिले के तमाम राजकीय विद्यालयों का लेखा जोखा और वर्षों पुराना रिकॉर्ड अब सीबीआई के अधिकार क्षेत्र में पहुंच चुका है। करीब 4 लाख फर्जी विद्यार्थियों के नाम पर सरकारी खजाने को चूना लगाने के इस गंभीर मामले में पिछले तीन सप्ताह से शिक्षा विभाग में जो उथल पुथल मची थी वह अब फाइलों के हस्तांतरण के साथ एक नए पड़ाव पर पहुंच गई है।

■ सरकारी स्कूलों में 4 लाख फर्जी दाखिलों का महाघोटाला

**आरोपियों की धड़कनें बढ़ी :** जिले के शिक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की है कि सीबीआई द्वारा मांगी गई तमाम जानकारियां और साक्ष्य उपलब्ध करवा दिए गए हैं जिसके बाद अब घोटाले से जुड़े संभावित आरोपितों की धड़कनें तेज हो गई हैं। बता दें कि दिसंबर माह की शुरुआत से ही सोनीपत का शिक्षा विभाग किसी छावनी या युद्ध स्तर के कंट्रोल रूम में तब्दील नजर आ रहा था। सीबीआई ने जब जिले के सभी राजकीय विद्यालयों का रिकॉर्ड तलब किया तो महकमे में हड़कंप मच गया। इससे पहले जून माह में केवल 14 चुनिंदा विद्यालयों का रिकॉर्ड एजेंसी को सौंपा गया था लेकिन जांच की आंच बढ़ते ही सीबीआई ने पूरे जिले का कच्चा चिट्ठा मांग लिया। इसके बाद करीब 22 दिनों तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बैठकों का अंतहीन सिलसिला चला।




### ऑनलाइन और ऑफलाइन रिकॉर्ड के बीच गड़बड़झाला

इस पूरे घोटाले की पटकथा वर्ष 2014 में लिखी गई थी जब हरियाणा सरकार ने दाखिला प्रक्रिया को डिजिटल बनाने के लिए एमआईएस पोर्टल की शुरुआत की थी। पोर्टल आने से पहले तक स्कूलों में दाखिले केवल कागजी रजिस्टरों तक सीमित थे। जब ऑफलाइन डेटा को पोर्टल पर फीड किया गया तो वह जादुई आंकड़े सामने आए जिन्होंने सबको चौंका दिया। पोर्टल पर दर्ज विद्यार्थियों की संख्या और असल में स्कूल आने वाले बच्चों की संख्या में जमीन आसमान का फर्क मिला। वर्ष 2016 में जब इस मामले की पहली बार परतें खुलीं तो पता चला कि प्रदेशभर में करीब 4 लाख फर्जी दाखिले दिखाकर करोड़ों रुपये की ग्रांट डकार ली गई है। इन फर्जी नामों के सहारे मिड डे मील की राशि स्टेशनरी वर्दी और छात्रवृत्ति के नाम पर सरकारी बजट का जमकर बंदरबांट किया गया।

### दिन-रात चला काम

विद्यालय प्रबंधकों और क्लर्कों को पुराने रजिस्टर खंगालने के लिए दिन रात एक करना पड़ा। कई बार तो देर शाम तक गुपचुप बैठकें हुईं जिनमें रिकॉर्ड की कमियों और पोर्टल के मिलान को लेकर माथापच्ची की गई। 5 दिसंबर को ब्लॉक स्तर पर रिकॉर्ड जमा करने की प्रक्रिया शुरू हुई और अब विभागीय दावों के अनुसार जांच के लिए आवश्यक हर दस्तावेज सीबीआई की मेज पर है।

### घोटाले का गणित और जांच के मुख्य बिंदु

- वर्ष 2014 से 2016 के बीच का पूरा रिकॉर्ड सीबीआई ने अपने कब्जे में ले लिया
- प्रदेशभर में करीब 4 लाख फर्जी दाखिलों का संदेह है जिनके नाम पर ग्रांट ली गई
- मिड डे मील और स्कॉलरशिप के फंड में सबसे अधिक सेंधमारी की आशंका जताई जा रही है
- एमआईएस पोर्टल पर दर्ज डेटा और पुराने ऑफलाइन रजिस्टरों का आमना सामना कराया जाएगा
- सोनीपत के सभी ब्लॉक के विद्यालयों को इस जांच प्रक्रिया के दायरे में लाया गया

### सीबीआई के रडार पर वर्दी स्टेशनरी व छात्रवृत्ति का हिसाब

वर्ष 2019 में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद इस मामले की कमान सीबीआई को सौंपी गई थी। अब सीबीआई की टीम बारीकी से यह जांच रही है कि वर्ष 2014 से 2016 के बीच जिन विद्यार्थियों के नाम रजिस्टरों में दर्ज थे क्या वे वास्तव में स्कूल आते थे।

### हाईकोर्ट ने मामले की जांच एजेंसी को सौंपी

जांच का मुख्य केंद्र बिंदु ग्रांट रजिस्टर और नामांकन संख्या है। एजेंसी यह देख रही है कि जिस अनुपात में वर्दी और स्टेशनरी के लिए फंड जारी हुआ क्या वह पात्र विद्यार्थियों तक पहुंचा या केवल कागजों में ही बांट दिया गया। स्कॉलरशिप के नाम पर होने वाले भुगतान की भी गहनता से ऑडिट की जा रही है। ऑनलाइन पोर्टल और फिजिकल रजिस्टर के बीच का अंतर ही इस घोटाले के आरोपितों को बेनकाब करने का सबसे बड़ा हथियार बनेगा।

### विद्यालयों का रिकॉर्ड एजेंसी को सौंपा

सीबीआई ने दिसंबर माह की शुरुआत में जिला के सभी राजकीय विद्यालयों का रिकॉर्ड मांगा था। जिला शिक्षा विभाग की ओर से सभी विद्यालयों का रिकॉर्ड जमा करवा दिया है। मुख्यालय स्तर पर आगामी जो निर्देश होंगे, उनकी अनुपालना की जाएगी।
**-रचना बाना**, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

# मुख्यमंत्री की रैली की तैयारियां अंतिम चरण में

### 28 को सीएम खरखौदा पहुंचेंगे



**खरखौदा।** रैली की तैयारियों का जायजा लेते विधायक व उपायुक्त।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

अनाज मंडी खरखौदा में 28 दिसंबर को आयोजित होने वाली जनसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। जनसभा को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से विधायक पवन खरखौदा व उपायुक्त सुशील सारवान ने मंगलवार को नई अनाज मंडी का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंच, पंडाल, बैठने की व्यवस्था, पार्किंग, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, बिजली तथा साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियां समयबद्ध और निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण की जाएं। इसके उपरांत उपायुक्त सुशील सारवान ने एसडीएम कार्यालय में विभिन्न विभागों के



अधिकारियों की बैठक लेकर जनसभा की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डीसीपी कुशल सिंह, एसडीएम खरखौदा निर्मल नागर, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, नगराधीश डॉ अनमोल, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# फर्नीचर के शोरूम में लगी भीषण आग

**सोनीपत।** सोमवार रात साईं मंदिर रोड पर स्थित दो मंजिला लक्ष्य फर्नीचर शोरूम में शार्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि शोरूम में रखा फर्नीचर और अन्य सामान जलकर राख हो गया, जबकि इमारत को भी भारी नुकसान पहुंचा। घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम मेयर राजीव जैन मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। शोरूम के मालिक कृष्ण ने बताया कि घटना के समय शोरूम की छत पर पांच मिस्त्री मौजूद थे, जो समय रहते बाहर निकल आए। इस कारण किसी प्रकार की जान-माल की हानि नहीं हुई। उन्होंने बताया कि आग की लपटें इतनी भयंकर थीं कि आसपास लगे बिजली के खंभे पर स्थापित मीटर भी आग की चपेट में आ गए।

■ साईं मंदिर रोड स्थित लक्ष्य फर्नीचर में देर रात हादसा



**खरखौदा।** नुकसान का जायजा लेने पहुंचे मेयर राजीव जैन।

दमकल विभाग ने मशक्त से आग पर काबू पाया। प्रारंभिक आकलन के अनुसार शोरूम मालिक को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। मेयर राजीव जैन ने पीड़ित व्यापारी को सांत्वना देते हुए कहा कि सभी आवश्यक कागजात तैयार कर हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड में मुआवजे के लिए आवेदन किया जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि बोर्ड के माध्यम से मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों से बोर्ड में पंजीकरण कराने की अपील की।

# बड़ी में मछली विक्रेता से मारपीट व लूट, चार पर केस

**गन्नौर।** थाना बड़ी क्षेत्र में मछली बेचने वाले एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर 10 हजार की लूट का मामला सामने आया है। पीड़ित इंदल साहनी निवासी गांव मनीकपुर, जिला समस्तीपुर बिहार, हाल निवासी फैक्ट्री नंबर 557, फेज-2 बड़ी, ने थाना बड़ी में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार वह बड़ी गांव की नहर के पास शाम को मछली की दुकान चलाता है। 22 दिसंबर को करीब दोपहर 1 बजे वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था, तभी 3-4 युवक वहां आए और लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट करने लगे। आरोपियों ने उसकी जेब से जबरदस्ती 10 हजार निकाल लिए और जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि आगे से यहां दिखाई दिया तो उसे मार देंगे। इंदल साहनी ने बताया कि वह दो आरोपितों को पहचानता है, जिनके नाम मोहना शर्मा और रविंद्र मामा हैं, दोनों गढ़ी केसरी के रहने वाले हैं। पुलिस ने शिकायत पर आरोपित मोहना शर्मा व रविंद्र मामा सहित दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




### प्राचार्या ने सहकर्मी अध्यापक पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

**खरखौदा।** एक स्कूल की प्राचार्य द्वारा अपने ही स्कूल के प्राध्यापक पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी गई है। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित प्राध्यापक पर फिलहाल केस दर्ज कर लिया है, इस मामले में पुलिस की तरफ जांच अमल में लाकर उसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। प्राचार्य ने आरोपित प्राध्यापक से जान का खतरा बताया है। प्राचार्य का कहना है कि वह अपने आफिस में थी, इसी दौरान एक प्राध्यापक ने आकर उससे बदतमीजी करनी शुरू कर दी, ऐसे में वह उठकर अपने आफिस से बाहर आ गई। जिस पर उक्त प्राध्यापक ने उसके पीछे-पीछे आकर उस पर अशोभनीय टिप्पणी की और कहा कि जहां शिकायत करनी है कर ले। प्राचार्य का आरोप है कि इससे पहले भी आरोपित उनके साथ बदतमीजी से पेश आ चुका है, जिसकी शिकायत खुद उन्होंने, बल्कि स्टाफ सदस्यों ने भी की हुई है। लेकिन जब इस शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो आरोपित के हौसले बुलंद हो गए और अब उसके द्वारा फिर से उनके साथ बदतमीजी की गई है। प्राचार्य ने आरोप लगाया है, प्राध्यापक उन्हें काम करने नहीं दे रहा है, उन्हें प्राध्यापक के कारण बहुत ही तनाव महसूस होता है। जबकि आरोपित ने उन्हें जान से मार दिए जाने की धमकी भी दी है, पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए केस दर्ज कर लिया है।

### महिला बंदियों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**सोनीपत।** ड्रग फ्री हरियाणा मिशन के अंतर्गत जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, सोनीपत द्वारा मंगलवार को जिला जेल सोनीपत के महिला वार्ड में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला बंदियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशा-मुक्त और स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।इस अवसर पर सहायक विधिक सहायता रक्षा अधिवक्ता सुमन दहिया ने नशा सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के साथ-साथ नशीले पदार्थों से जुड़े अपराधों के कानूनी परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने पुनर्वास, परामर्श और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में सिविल अस्पताल सोनीपत के डॉ. संदीप शर्मा ने नशे से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों और नशा-मुक्ति उपचार सुविधाओं की जानकारी दी। साथ ही महिला बंदियों को समय पर उपचार लेकर समाज की मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित किया गया।

### न्यूनतम तापमान पहुंचा 7 पर, अब ठंड और बढ़ने की संभावना

मौसम से गेहूं की फसल को फायदा, सब्जियों व अन्य फसलों को नुकसान का खतरा

# कोहरे से दिन हुआ शुरू, आठ बजे के बाद धूप खिली, कल से तीन दिन तक धुंध का येलो अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहर के मौसम के मिजाज में लगातार उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है। मंगलवार को जिले के निवासियों ने प्रकृति के दो अलग रूप देखे। सुबह की शुरुआत जहां घने कोहरे और ठिठुरन के साथ हुई वहीं दिन चढ़ते ही खिली तेज धूप ने लोगों को सर्दी से बड़ी राहत प्रदान की। कोहरे के कारण सुबह के समय जनजीवन की रफ्तार पूरी तरह थम सी गई थी लेकिन साढ़े आठ बजे के बाद मौसम पूरी तरह साफ हो गया। हालांकि मौसम विभाग की मानें तो आने वाले तीन दिनों तक जिले में भारी कोहरे के आसार बने रह सकते हैं। जिसके लिये येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। मंगलवार सुबह जब लोग सोकर उठे तो जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में कोहरे की घनी चादर लिपटी हुई थी। सुबह सात बजे के करीब दृश्यता घटकर मात्र 50 मीटर रह गई थी। घने कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की आवाजाही सबसे अधिक प्रभावित हुई। राष्ट्रीय राजमार्ग और मुख्य मार्गों पर वाहन चालक हेडलाइट जलाकर रेंगते हुए आगे बढ़ने को मजबूर दिखे।



### फसलों की बढ़ावार के लिए धूप भी जरूरी

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यह कोहरा और गिरता हुआ तापमान रबी की फसलों विशेषकर गेहूं के लिए काफी लाभदायक सिद्ध हो सकता है। हालांकि कोहरे की अधिकता सब्जियों की फसल को नुकसान पहुंचा सकती है इसलिए किसानों को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। दिन के समय धूप खिलने से फसलों को उचित ऊर्जा मिल रही है जो उनकी बढ़वार के लिए जरूरी है।

### 11 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली हवा

सरगथल स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया जिससे रात और सुबह के समय ठंड का प्रभाव काफी अधिक महसूस किया गया। दिन भर करीब 11 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से ठंडी हवाएं चलती रहीं। इन हवाओं ने धूप की तपिश को थोड़ा कम किया लेकिन कोहरे के बाद निकली धूप ने वातावरण में मौजूद नमी को कम करने में मदद की। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट आने की संभावना है जिससे रात्रि के समय ठंड का प्रकोप बढ़ सकता है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान सामान्य के करीब रहा लेकिन शीत लहर और कोहरे की जुगलबंदी ने सुबह के समय पारा गिरने का अहसास कराया।

### प्रदूषण का स्तर 282 पर, सतर्कता बरतने की जरूरत

एक तरफ जहां धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिली वहीं दूसरी ओर प्रदूषण के आंकड़ों ने स्वास्थ्य के प्रति चिंता बढ़ा दी है। मंगलवार को सोनीपत का वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई खराब श्रेणी में रहते हुए 282 दर्ज किया गया। कोहरे और कम तापमान के कारण हवा में मौजूद धूल के कण और धुआं निचले स्तर पर ही बने रहे जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़ गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि इस तरह के मौसम में बुजुर्गों और सांस के रोगियों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। प्रदूषण और गिरते तापमान का मिला जुला असर खांसी और जुकाम जैसे संक्रमण को बढ़ावा दे सकता है।कृषि विज्ञान केंद्र, जगदीशपुर के वैज्ञानिक डॉ. प्रेमदीप ने कहा कि आने वाले तीन दिनों भारी कोहरे के आसार बने हुए हैं। विभाग का पूर्वानुमान के अनुसार सोनीपत जिले के लिये येलो अलर्ट घोषित किया गया है। तीन दिनों तक सुबह के समय भारी धुंध रह सकती है।

# चावल की बिल्टी की आड़ में शराब की तस्करी, 1090 पेटी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चावल की बिल्टी की आड़ में लाई जा रही भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत की टीम ने एक 14 टायरी ट्रक से कुल 1090 पेटी शराब जब्त करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसे न्यायालय में पेश कर छह दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत में तैनात सहायक उप निरीक्षक विजयश्वर 22 दिसंबर को अपनी टीम के साथ गोहाना रोड बाईपास पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान खुफिया सूचना मिली कि पानीपत की ओर से जीटी रोड के रास्ते एक 14 टायरी ट्रक आएगा, जिसमें अवैध शराब भरी हुई है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने भिगान टोल के पास दिल्ली की ओर मन्नत हवेली के सामने नाकाबंदी कर वाहनों की निगरानी शुरू की। शाम करीब 5:30 बजे पानीपत की ओर से आते ट्रक को रोककर जांच की गई। चालक से पूछताछ में उसने अपना नाम दीपक उर्फ दीपु निवासी गांव खेवड़ा जिला सोनीपत बताया। चालक ने ट्रक में चावल लोड होने की बात कही और बिल्टी दिखाई, जिसमें 23,450 किलोग्राम चावल के 938 बैग दर्शाए गए थे। हालांकि पुलिस को संदेह होने पर जब ट्रक का तिरपाल हटाकर जांच की गई तो पीछे की ओर चावल के कट्टे लगे मिले, जबकि आगे की ओर शराब की पेटियां छिपाकर रखी गई थीं। चालक से शराब से संबंधित लाइसेंस, बिल और बिल्टी मांगी गई, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। आबकारी निरीक्षक की मौजूदगी में शराब की पेटियों की जांच की गई, जिसमें रॉयल स्टैग और इम्पीरियल ब्लू ब्रांड की कुल 1090 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। इसमें बोतल, अध्धा और क्वार्टर तीनों प्रकार की शराब शामिल थी।

■ ट्रक से खेप बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

### बिहार जा रही थी शराब आरोपी चालक गिरफ्तार

पुलिस जांच में पता लगा है कि शराब को बिहार में लेकर जाना था। शराब पर सेल फॉर पंजाब लिखा था। शराबबंदी वाले बिहार में इसकी कीमत कई गुना अधिक होने के कारण तस्करों ने इसे वहां सप्लाई करने का षड्यंत्र रचा थ

### सिसाना का रहने वाला है ट्रक का मालिक

पूछताछ में चालक ने बताया कि ट्रक सिसाना निवासी नान्हा का है और उसे निर्देश दिए गए थे कि यदि कोई पूछे तो केवल चावल होने की बात बताए। इस संबंध में थाना मुरथल में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित दीपक को गिरफ्तार किया। पुलिस अब इस तस्करी में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।



# कृष-4 में रजत बेदी करेगा खूंखार विलेन का रोल!

**मुंबई।** ऋतिक रोशन की फिल्म कृष-4 बॉलीवुड की कुछ मोस्ट अवेटेड फिल्मों में शुमार है। फिल्म के पिछले सभी पार्ट ब्लॉकबस्टर हिट रहे हैं और चौथे पार्ट का दर्शक काफी वक्त से इंतजार कर रहे हैं। इस बार कई चीजें अलग होने वाली है, लेकिन जिस सवाल का जवाब दर्शक काफी वक्त से जानना चाह रहे हैं वो यह, कि इस बार कौन विलेन का रोल प्ले करता नजर आएगा? इस बार खबर है कि रजत बेदी फिल्म में विलेन का रोल प्ले करते नजर आ सकते हैं। रजत बेदी ने फिल्म 'कोई मिल गया' में निगेटिव रोल प्ले किया था और उनके काम की काफी तारीफ हुई थी।

## लाइफ Style



# कियारा
## किसी भी इंडस्ट्री में तनाव अच्छा नहीं

दीपिका पादुकोण के आठ घंटे काम करने की मांग करने के बाद इस मुद्दे को लेकर इंडस्ट्री में एक बहस चल रही है। हालांकि, इस मामले पर दीपिका को इंडस्ट्री के कई लोगों का समर्थन भी मिला है। अब इस बहस में नई-नवेली मां बनीं कियारा आडवाणी ने भी एंट्री की है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मां बनने के बाद पहली बार कियारा ने अब आठ घंटे काम करने के मुद्दे पर अपनी राय दी है। उन्होंने प्रोफेशनल जिंदगी और पर्सनल जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया है। एक बातचीत में कियारा आडवाणी ने मां बनने के बाद काम और व्यक्तिगत जिंदगी में संतुलन के महत्व को लेकर बात की। आठ घंटे की शिफ्ट पर चल रही बहस के बारे में पूछे जाने पर कियारा ने कहा कि किसी भी इंडस्ट्री में अत्यधिक तनाव किसी के लिए भी अच्छा नहीं होता। मेरे काम करने का तरीका प्रमुख रूप से तीन प्वॉइंट्स पर निर्भर रहता है। ये हैं- गरिमा, संतुलन और सम्मान। ये तीनों आधार मेरे घर पर और मेरे प्रोफेशनल स्टाफ पर भी लागू होते हैं। अपने काम को लेकर कियारा ने बताया कि वह नई स्क्रिप्ट की तलाश कर रही हैं और आने वाली एक बायोपिक को लेकर खासा उत्साहित हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि अब उनके किरदार शैली से ज्यादा कहानी की गहराई पर आधारित होते हैं। अब वह स्क्रिप्ट का चयन कहानी को देखकर करती हैं। उसके जॉनर से कोई लेना-देना नहीं है। बेटी के जन्म के बाद काम को कैसे मैनेज करती हैं, इस पर कियारा ने कहा कि सरायाह के जन्म के बाद से मेंटल हेल्थ मेरी सबसे प्रमुख प्राथमिकता बन गई है।

## हॉलीवुड मसाला



# परिवार संग आउटिंग पर निकले

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ियों में शुमार जेंडाया और टॉम होलेंड एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह कोई फिल्म या रेड कार्पेट नहीं, बल्कि एक बेहद सादगी भरा फैमिली मोमेंट है। सगाई के बाद दोनों को पहली बार टॉम होलेंड के पूरे परिवार के साथ एक वीकेंड आउटिंग पर देखा गया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। यह खास आउटिंग लॉस एंजेलिस में आयोजित 'द ट्रेटर्स- लाइव एक्सपीरियंस' के दौरान हुई।



# क्रिस्टोफर की द ओडिसी का ट्रेलर रिलीज...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द ओपेनहाइमर' के बाद क्रिस्टोफर नोलन एक और धमाकेदार फिल्म लेकर दर्शकों के बीच पहुंचने वाले हैं। फिल्म का नाम है, 'द ओडिसी'। इस फिल्म का जब से ऐलान हुआ है, दर्शकों के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है। ट्रेलर में एक्टर मैट डैमन को इथाका के राजा ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने सैनिकों को घर ले जा रहे हैं। 'द ओडिसी' के ट्रेलर में समुद्री दृश्य काफी ज्यादा देखने को मिले हैं, जिन्हें बेहद खूबसूरती से फिल्माया गया है। युद्ध के बाद घर लौटते सैनिक हों या फिर युद्ध के दौरान के हालात। नाव पर सवार सैनिकों के जत्थे वाला सीन रोंगटे खड़े कर देता है। वहीं, ट्रेलर के आखिर में सैनिक की पार्टनर द्वारा लिया गया घर वापसी के वादे वाला सीन काफी मार्मिक है।



# एनिमल के दूसरे पार्ट में भी आएंगी नजर

**मुंबई।** रणबीर कपूर की ऑलटाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' तमाम आलोचनाओं के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। मेकर्स ने पहली फिल्म के अंत में ही फिल्म के दूसरे पार्ट 'एनिमल पार्क' की घोषणा कर दी थी। एनिमल में रणबीर कपूर की बड़ी बहन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सलोनी बत्रा हाल ही में अमेजन एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज 'भय' में नजर आई हैं। अब सलोनी बत्रा ने रणबीर कपूर की आगामी फिल्म 'एनिमल पार्क' को लेकर बात की। इस दौरान अभिनेत्री ने कंफर्म किया कि वो एनिमल पार्क का हिस्सा होंगी। अपने रोल को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि मैं 'एनिमल 2' में जरूर रहूंगी। लोगों को एनिमल पसंद आई थी, इसलिए मेकर्स एंटरटेनमेंट और एक्शन के लिए इस तरह की फिल्में बनाना चाहते हैं।



# बेटी आराध्या संग न्यू ईयर मनाने निकले

**मुंबई।** बॉलीवुड के सबसे चर्चित और पसंदीदा कपल्स में शुमार ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन एक बार फिर अपनी पारिवारिक बॉन्डिंग को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दोनों को अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया, जहां यह कपल फैमिली वेकेशन के लिए रवाना होते नजर आया। एयरपोर्ट पर तीनों का अंदाज बेहद स्टाइलिश, लेकिन कम्फर्टेबल रहा। ऐश्वर्या, अभिषेक और आराध्या तीनों ही ब्लैक आउटफिट में नजर आए, जिसने सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान खींच लिया। हमेशा की तरह ऐश्वर्या ने पैपराजी की मौजूदगी को सहजता से हैंडल किया और मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया। हालांकि, अभी ये साफ नहीं हो पाया है कि आखिर बच्चन फैमिली छुट्टियां मनाने के लिए कहां गई है।

## टीवी मसाला




# नागिन 7 में प्रियंका के साथ अब साहिल आएगा नजर...

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में अगर किसी शो का सबसे ज्यादा इंतजार होता है, तो वो है एकता कपूर का सुपरनैचुरल ड्रामा 'नागिन'। इस शो के अब तक 6 सीजन आ चुके हैं और हर सीजन ने टीआरपी के मामले में झंडे गाड़े हैं। अब बारी है 'नागिन 7' की, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना हुआ है। यह शो 27 दिसंबर को कलर्स टीवी पर दस्तक देने जा रहा है। हाल ही में इस शो को लेकर एक बहुत बड़ी अपडेट सामने आई है, जिसे सुनकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। यह कन्फर्म हो चुका है कि बिग बॉस 16 और उडारियां फेम प्रियंका चाहर चौधरी इस बार नागिन बनकर पर्दे पर आग लगाने वाली हैं। अब नागिन 7 में टीवी के मशहूर एक्टर साहिल उप्पल की भी एंट्री हो गई है। साहिल उप्पल, जिन्हें आपने 'पिंजरा खूबसूरती का' जैसे शोज में देखा है, अब 'नागिन 7' में एक अहम रोल निभाते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि साहिल इस शो में पैरेलल लीड के तौर पर दिखेंगे। हालांकि, साहिल की तरफ से अभी इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन गलियारों में इसकी चर्चा जोरों पर है। सिर्फ प्रियंका और साहिल ही नहीं, इस बार मेकर्स ने कास्टिंग पर काफी मेहनत की है। शो में 'इश्क का रंग सफेद' फेम ईशा सिंह और 'एक दीवाना था' फेम नमिक पॉल भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा विहान वर्मा, रिब्बू मेहरा, कुशाग्र दुआ, प्रतीक्षा राय, निवेदिता पाल और आफरीन दबेस्तानी जैसे कलाकार भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरेंगे।

## मॉडलिंग से की थी कॅरियर की शुरुआत

**नई दिल्ली।** इंडियन टेलीविजन इंडस्ट्री में चार्म, टैलेंट और अपने दमदार काम के लिए मशहूर रवि दुबे ने अपने कॅरियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। रवि ने कभी नहीं सोचा था कि वह टीवी और फिल्म इंडस्ट्री को अपना फुलटाइम पेशा बना पाएंगे, क्योंकि उनके पिता का मानना था कि पढ़ाई एक्टिंग से ज्यादा जरूरी है। टीवी शो सास बिना ससुराल और जमाई राजा में दामाद के किरदार ने रवि दुबे को दर्शकों का चहेता बना दिया। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में जन्मे रवि एक साधारण परिवार से आते हैं। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का शौक था। उनके पिता सिविल इंजीनियर हैं और मां हाउसवाइफ हैं।



साल 2006 रवि दुबे के लिए खास रहा, क्योंकि इसी साल उन्हें शो स्त्री तेरी कहानी मिला। इसके बाद उन्होंने डोली सजा के और यहां के हम सिकंदर जैसे शोज में काम किया। काम तो लगातार मिलता रहा, लेकिन असली पहचान का सफर थोड़ा लंबा था। साल 2010 में आए टीवी सीरियल सास बिना ससुराल से रवि दुबे को पहचान मिली।

# अगस्त्य पर नजरें टिक जाती हैं
## इक्कीस देखकर भावुक हुए अमिताभ

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने अपनी नाती अगस्त्य नंदा की आने वाली फिल्म 'इक्कीस' देखने के बाद भावनाएं साझा कीं। बिग बी फिल्म देखने के बाद काफी भावुक हो गए और उनकी फीलिंग्स साफ तौर पर छलक पड़ीं। उन्होंने इसे केवल एक नाना की प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि सिनेमा को गंभीरता से देखने वाले दर्शक की राय बताया। उन्होंने लिखा कि अगस्त्य को स्क्रीन पर देखकर उनके मन में बीते वर्षों की कई यादें एक साथ उमड़ पड़ीं- जन्म से लेकर बड़े होने तक का सफर। लेकिन इन भावनाओं से अलग, उन्होंने अगस्त्य के अभिनय की भी खुलकर सराहना की। बिग बी के मुताबिक, अगस्त्य का अभिनय परिपक्व, सधा हुआ और पूरी तरह किरदार में ढला हुआ है। उन्होंने कहा कि अगस्त्य ने अरुण खेत्रपाल के किरदार को बिना किसी बनावट के निभाया है, जो सीधे दिल तक पहुंचता है। बिग बी ने यह भी कहा कि जब अगस्त्य फ्रेम में होते हैं, तो दर्शक अनायास ही सिर्फ उन्हें देखने लगते हैं। उनके अनुसार, यह किसी पारिवारिक रिश्ते की वजह से कही गई बात नहीं है, बल्कि एक अनुभवी दर्शक की ईमानदार प्रतिक्रिया है। फिल्म की कहानी, लेखन और निर्देशन को भी उन्होंने लगभग बेदाग बताया और कहा कि फिल्म खत्म होने के बाद आंखें गर्व और खुशी के आंसुओं से भर जाती हैं।



'इक्कीस' भारतीय सेना के जांबाज अफसर सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के असाधारण जीवन पर आधारित एक बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा है। यह फिल्म उस वीर सैनिक की कहानी कहती है, जिन्हें 1971 के भारत-पाक युद्ध में अद्भुत साहस दिखाने के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। खास बात यह है कि अरुण खेत्रपाल भारत के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता थे। फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक श्रीराम राघवन ने किया है और यह 1 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# धुरंधर की सफलता से बदले रणवीर के तेवर, डॉन 3 से खींचा हाथ...

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह छाए हुए हैं। उनकी फिल्म 'धुरंधर' कमाई के मामले में सबसे आगे निकल चुकी है और साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई है। हमजा और जसकीरत के रोल में उन्हें खूब पसंद किया जा रहा है। इस फिल्म के बाद फैंस उन्हें 'डॉन 3' में देखने के लिए बेकरार हो रहे थे, जो लंबे समय से रुकी हुई है। पर ऐसा लग रहा है कि ये इंतजार और लंबा हो सकता है या फिर ये इंतजार कभी खत्म ही ना हो! जी हां, ये खबर आ रही है कि रणवीर ने फरहान अख्तर की इस फिल्म से किनारा कर लिया है। ऐसे में मेकर्स को नए हीरो की तलाश करनी होगी। एक सूत्र ने कहा, 'धुरंधर की अपार सफलता के बाद रणवीर को यह बिल्कुल स्पष्ट है कि वह आगे किस तरह की फिल्में करना चाहते हैं। वह संजय लीला भंसाली, लोकेश कनगराज और एटली जैसे फिल्म निर्माताओं के साथ काम करने के इच्छुक हैं। वो लगातार गैंगस्टर फिल्मों में नजर नहीं आना चाहते। खासकर तब जब 'धुरंधर' पहले ही इस स्टाइल अपनी पहचान बना चुकी है। यही एक कारण है कि उन्होंने जय मेहता से 'प्रलय' की शूटिंग पहले शुरू करने के लिए कहा है। रणवीर इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने और योजना से पहले ही इसकी शूटिंग शुरू करने के लिए एक्साइटेड हैं।'



### प्रलय की शूटिंग को दी प्राथमिकता

*'प्रलय' अपलॉज एंटरटेनमेंट की फिल्म 'जॉम्बी' पर आधारित है। ये एक मानवीय कहानी बयां करती है कि कैसे एक आदमी सबसे मुश्किल हालातों में भी अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। सूत्र ने बताया, 'अब जब सिंह ने 'डॉन 3' के बजाय अन्य प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी है, तो वे जय मेहता की फिल्म की शूटिंग की तारीखों और शेड्यूल को तय करने में पर्सनली शामिल हैं, ताकि फिल्म का काम तेजी से आगे बढ़ सके।'*

### डॉन 3 हुई पोस्टपोन

*डॉन 3 की बात करें तो एक अंदरूनी सूत्र ने पुष्टि की है, धुरंधर की रिलीज के तुरंत बाद रणवीर को डॉन 3 की तैयारी शुरू करनी थी। हालांकि, मौजूदा हालात को देखते हुए, फिल्म को अब पोस्टपोन कर दिया गया है।' इस एक्शन थ्रिलर मूवी में कृति सेनन हैं। ग्रैंड पैमाने पर बनने वाली इस मूवी की शूटिंग यूरोप की कई लोकेशन पर होगी।*

## न्यू ईयर के लुक के लिए ले सकते हैं टिप्स


# इन सितारों का 2025 में फैशन रहा एकदम टॉप क्लास

*नई दिल्ली। जब बात फैशन की आती है, तो लड़की हो या फिर लड़का हर कोई परफेक्ट दिखने के साथ-साथ कॉन्फिडेंट भी लगना चाहता है। खास तौर पर किसी स्पेशल फंक्शन पर। हम सब भी दिसंबर के अंतिम दिनों में पहुंच चुके हैं और नए साल में एंट्री करने जा रहे हैं। अगर आपका वेकेशन या पार्टी प्लान है और आप ये डिसाइड नहीं कर पा रहे हैं कि न्यू ईयर पर सिम्पली कैसे ब्यूटीफुल या हैंडसम दिखा जाए, तो आज हम अपने इस आर्टिकल में आपको उन सितारों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका फैशन गेम 2025 में एकदम हाई रहा है, उनकी एक झलक देखकर फैंस की आंखें उनके खूबसूरत अटायर पर टिक गई।*

**शाहरुख** : शाहरुख खान बॉलीवुड के बादशाह तो पहले से ही थे, लेकिन साल 2025 में वह फैशन गेम के भी किंग बन गए। उन्होंने इस साल मेट गाला में रेड कारपेट पर डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने सभ्यसाची के डिजाइनिंग क्लोथ पहने। ऑल ब्लैक लुक के सह उन्होंने गले में चैन, एक डायमंड ब्रोच और 18 कैरेट सोने की टाइगर कैन थी। उनके इस लुक की काफी चर्चा हुई।

**आलिया** : आलिया भट्ट को अक्सर दीपिका पादुकोण जैसे सिमिलर कपड़े पहनने के लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता था। हालांकि, इस बार उन्होंने सबकी बोलती बंद की, जब वह कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में गुच्ची गाला आउटफिट में रेड कारपेट पर उतरीं। बेज रंग के इस ब्लाउज के साथ उनकी स्कर्ट में आलिया बहुत ही खूबसूरत लगीं। उन्होंने अपने इस लुक के साथ मिनिमल मेकअप रखा।

**नीता अंबानी** : भारत की सबसे अमीर शख्सियत में से एक नीता अंबानी की डिजाइनर साड़ियां फैंस को बहुत लुभाती हैं। लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम बॉल में इंडियन कल्चर एम्बेसडर बनकर पहुंचीं नीता अंबानी ने इस खास मौके पर कांजीवरम साड़ी पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने सिल्वर एम्ब्रायडरी वाला ब्लाउज कैरी किया हुआ था। अगर आप अपने वेस्टर्न लुक से बोर हो गए हैं, तो नीता अंबानी के इस ट्रेडिशनल लुक को जरूर अपना सकते हैं।







**दिलजीत** : दिलजीत दोसांझ इस बार जब मेट गाला में महाराजा इंस्पायर्ड लुक धारण करके आए थे, तो फैंस उन्हें बस एकटक निहारते ही रह गए थे। प्रबल गौरांग के डिजाइन किए गए व्हाइट शेरवानी के साथ दिलजीत ने टर्बन और तलवार ली थी। उनके इस लुक को अभी तक किसी भी भारतीय के इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर बेस्ट लुक बताया गया था। अगर आप नए साल पर थीम पार्टी का प्लान कर रहे हैं, तो ये लुक जरूर अपना सकते हैं।

**अनन्या** : अनन्या पांडे वेस्टर्न ड्रेस पहने या फिर इंडियन फैंस उनके दीवाने हो ही जाते हैं। 2025 में उनका फैशन गेम भी ऑन रहा, खास तौर पर जब फैंस ने उन्हें एक इवेंट पर ऑरेंज रंग की बनारसी साड़ी में देखा, तो बस एक नजर देखते ही रह गए।

**रणवीर** : साल 2025 में रणवीर सिंह ने अपने अतरंगी फैशन को छोड़कर कुछ ऐसा अपनाया जिससे लोग हैरान रह गए। धुरंधर एक्टर ने कपड़ों की भरपूर लेयरिंग, एक्सपेरिमेंटल सिलुएट्स और बेबाक रंगों का इस्तेमाल किया, जिसने मीम कल्चर और पैपराजी की रील्स दोनों में दबदबा कायम रखा।

**कियारा** : साल 2025 में कियारा आडवाणी ने न सिर्फ रेड कारपेट पर अपना पहला अपीरियंस दिया, बल्कि उन्होंने एक कहानी भी गढ़ दी। गर्भवती होने के बावजूद मेट गाला में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराते हुए, कियारा ने फैशन की सबसे चर्चित शाम को एक ऐसे कल्चरल मोमेंट बना दिया। ब्लैक एंड व्हाइट गाउन पर गोल्डन रंग का हार्ट उनके इस लुक को और भी खास बना रहा था। इस लुक ने फैंस को काफी आकर्षित किया था।

## स्वामी श्रद्धानंद के 99वें बलिदान दिवस पर बड़वासनी में वैदिक समारोह

# आज समाज की अनेक समस्याओं का मूल कारण संस्कारों की कमी



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सेवाओं के लिये सम्मानित करते हुए राज्यसभा सांसद एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

- वैदिक संस्कार, नशामुक्त समाज और शिक्षा के माध्यम से परिवर्तन का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

वैदिक विचारधारा के व्यापक प्रचार-प्रसार और जन-जन में शिक्षा व संस्कारों के समावेश से ही समाज में आमूलचूल परिवर्तन संभव है। महान समाज सुधारक, वेदोद्धारक और युग प्रवर्तक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती के सत्संग से मुंशी राम श्रद्धानंद बने और आगे चलकर स्वामी श्रद्धानंद ने समाज में क्रांतिकारी बदलाव की अलख जगाई। आज समाज की अनेक समस्याओं का मूल संस्कारों की कमी है, जिसमें युवाओं का नशे की चपेट में आना एक गंभीर समस्या है। नशामुक्त और संस्कारवान समाज बनाकर ही वैदिक संस्कृति को जीवित रखा जा सकता है। यह विचार मंगलवार को स्वामी श्रद्धानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बड़वासनी में स्वामी श्रद्धानंद के 99वें बलिदान दिवस पर आयोजित भव्य समारोह में व्यक्त किए गए। कार्यक्रम का आयोजन वेद प्रचार मंडल जिला सोनीपत द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद राम चन्द्र जांगड़ा ने उपस्थित जनसमूह, महिलाओं और छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए पर्यावरण शुद्धि और प्रदूषण नियंत्रण के लिए यज्ञों की प्रासंगिकता पर जोर दिया। आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के संरक्षक नित्यानंद ने स्वामी श्रद्धानंद के सुकृत्यों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। प्रख्यात भजनोपदेशक रामनिवास आर्य तथा आर्य समाज काठ मंडी सोनीपत के मंत्री कपिल देव ने भजनों के माध्यम से स्वामी श्रद्धानंद के जीवन प्रसंग प्रस्तुत किए। आर्य समाज सेक्टर-14 के प्रधान रविंद्र आर्य ने ईश्वर के वास्तविक स्वरूप और सच्ची उपासना पर प्रकाश डाला। मंच संचालन रमेश आर्य ने किया। इस अवसर पर सामाजिक सेवाओं के लिए अमित लाठिया और डॉ. महीपाल को सम्मानित किया गया। वेद प्रचार मंडल के प्रधान देवेंद्र आर्य ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। शांति पाठ और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**ये रहे मौजूद**

आचार्य वेदनिष्ठ, राम प्रकाश हुड्डा, विजय पाल आर्य, चरणदास, आचार्या दीक्षा, अशोक गोयल, डॉ मेहर सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की।

### स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान राष्ट्र के लिए अमूल्य : ब्रिगेडियर सत्यदेव

**खरखौदा।** 23 दिसंबर को स्वामी श्रद्धानंद के 99 वें बलिदान दिवस के अवसर पर गुरुकुल मटिंडू में वैदिक परंपराओं के अनुसार एक भव्य हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आचार्य देवेंद्र आर्य और आचार्य विजेंद्र ने मंत्रोच्चार व आहुति के साथ पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति, त्याग और संस्कारों की भावना से सराबोर कर दिया। गुरुकुल विद्यालय की नींव का पत्थर सन 1915 में स्वामी श्रद्धानंद द्वारा ही रखा गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आचार्य यशवीर शास्त्री, पूर्व प्रिंसिपल और गुरुकुल मटिण्डू के पूर्व छात्र ने स्वामी श्रद्धानंद जी के जीवन, उनके अदम्य साहस और राष्ट्रहित के लिए दिए गए महान बलिदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि स्वामी श्रद्धानंद जी का जीवन हमें सत्य, साहस और समाज सुधार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। संगीत अध्यापक अंकित ने आर्य समाज और स्वामी दयानंद सरस्वती पर मधुर जीत गया। अंत में चेयरमैन ब्रिगेडियर सत्यदेव दहिया ने सभा को संबोधित करते हुए स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान को राष्ट्र के लिए अमूल्य बताया और विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। यह कार्यक्रम केवल स्मरण नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ी को जागृत करने का संदेश बना कि सच्ची शिक्षा वही है ,जो सेवा, संस्कार और समर्पण से जुड़ी हो।



स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थी।



गोहाना। कराटे चैंपियनशिप में जीते गए पदकों के साथ खिलाड़ी व उनको आशीर्वाद देते हुए शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

स्टेट ओपन कराटे चैंपियनशिप में छाए बाल भारती स्कूल की कराटे अकादमी के खिलाड़ी

# ओपन कराटे चैंपियनशिप में 11 स्वर्ण सहित 14 पदक कब्जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में बरोदा रोड पर स्थित बाल भारती विद्यापीठ की कराटे अकादमी के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय ओपन कराटे चैंपियनशिप में 11 स्वर्ण सहित 14 पदक जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन को लेकर स्कूल के एमडी हरि प्रकाश गौड़ और प्राचार्या सोनू गौड़ ने पदक विजेताओं को समारोहपूर्वक सम्मानित किया। भिवानी में 20 व 21 दिसम्बर को राज्य स्तरीय ओपन कराटे चैंपियनशिप आयोजित हुई। चैंपियनशिप के विभिन्न भारवर्ग व आयु वर्ग में अवनी, भाविका शर्मा, प्रिंजल, माही गर्ग, दीपांशु, अयान भारद्वाज, शौर्य मलिक, हर्षदीप, लक्षित जमदग्नि, यश और प्रीत सिंह ने स्वर्ण पदक जीते। गर्वित ने रजत पदक और मुवीशा व वृष्टि ने कांस्य पदक जीत कर जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन में उनके कोच, हरियाणा स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के सहसचिव व जिला सोनीपत कराटे संघ के महासचिव अनिल भारद्वाज का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर कुलदीप गौड़ व हर्ष मान भी मौजूद रहे।

# वुशु खिलाड़ी सुजल ने स्वीडन में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पूर्ण मूर्ति कैंपस के वुशु खिलाड़ी सुजल ने स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में आयोजित 7वीं नोर्डिक इंटरनेशनल वुशु चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर देश व हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है। उसने यह सफलता सांडा वुशु के 65 किलो भार वर्ग में हासिल की। बी.फार्मा द्वितीय वर्ष के इस छात्र की शानदार सफलता से कैंपस में खुशी की लहर है। वापस लौटने पर सुजल का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंध निदेशक कपिल भाटिया, एमडी इंजी. संघदीप शाक्य,



डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा.स्वीटी, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप, रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू, डीन अकादमिक संदीप कुमार, पूर्ण मूर्ति कॉलेज ऑफ फार्मेसी की प्रिंसिपल डा.सुनीता, फार्मेसी की प्राध्यापिका सुमिता सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने सुजल को बधाई दी।



### बैलून बर्स्टिंग, बटरफ्लाई व रिले रेस बनी आकर्षण

**सोनीपत।** दिल्ली विद्यापीठ में वार्षिक खेल के दूसरे दिन का बैलून बर्स्टिंग, बटरफ्लाई और रिले रेस विशेष आकर्षण बनी। खेल प्रतियोगिताओं के शुरू होने से पहले प्रधानाचार्या आराधना ग्रोवर ने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महापुरुषों ने कहा है कि गीता का अध्ययन करने की अपेक्षा खेल खेलने और व्यायाम करने से हम स्वर्ग का नैसर्गिक अनुभव कर सकते हैं, क्यूंकि ये दोनों हमारे तन और मन को स्वस्थ बनाते हैं।

# मशरूम की खेती को सही तकनीक ओर मागदर्शन से किया जाए: प्रो सुरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी के क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल सोनीपत में किसान दिवस व राष्ट्रीय मशरूम दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एमएचयू के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने विशेषतौर पर शिरकत की। सेमिनार में पहुंचने पर केंद्र के इंचार्ज डॉ. अजय सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। सेमिनार में प्रदेशभर से आए करीब 60 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

मुख्य अतिथि प्रो. सुरेश ने बताया कि मशरूम की खेती, ऐसी खेती है, जो कम लागत, कम पानी ओर कम जगह में आसानी से की जा सकती है। मशरूम की खेती युवाओं, महिलाओं ओर किसानों के जीवन में आर्थिक मजबूती प्रदान करने वाली साबित हो सकती है, अगर मशरूम की खेती को सही तकनीक ओर मागदर्शन से किया जाए। क्योंकि मशरूम की देश प्रदेश में भारी मांग है, लेकिन उत्पादन मांग के अनुरूप नहीं है।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान अनुसंधान निदेशक डॉ. धर्म सिंह, केंद्र के इंचार्ज डॉ. अजय सिंह, डॉ. अलीशा, डॉ. हरजोत सिंह, डॉ. नितिन आदि मौजूद रहे।

# प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली को समझा व कार्यालयों में व्यवस्थाओं का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को सोनीपत जिला प्रशासन के अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली को समझा तथा विभिन्न सरकारी कार्यालयों की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उपायुक्त सुशील सारवान ने सुशासन सहयोगी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। बैठक के दौरान जिला से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर सीटीएम डॉ. अनमोल, जेसी एमसी मीतू धनखड़, एसीयूटी योगेश दिल्हौर सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले में किए जा रहे प्रगतिशील कार्यों की भी जानकारी दी गई। सीटीएम डॉ. अनमोल ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न पोर्टलों, जैसे जनसंवाद पोर्टल, सीएम पोर्टल, ग्राम पोर्टल सहित अन्य के बारे में



जानकारी सांझा की। साथ ही उन्होंने समाधान शिविरों की कार्यप्रणाली समझाते हुए बताया कि किस प्रकार सप्ताह में दो दिन सभी जिला अधिकारी एकत्र होकर आमजन की समस्याएं सुनते हैं और उनका समाधान करते हैं। डिप्टी सीएमओ स्वराज ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं, स्वास्थ्य केंद्रों तथा विभाग से संबंधित अन्य जानकारियां प्रदान कीं। इसके उपरांत सुशासन सहयोगियों ने डीडीपीओ, डीआरओ, एसडीएम कार्यालय, स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय, पीएमश्री स्कूल (मुरथल अड्डा) सहित अन्य स्थानों का दौरा किया।

## खबर संक्षेप



### अभय ने जीता पदक, स्कूल में किया स्वागत

**सोनीपत।** जैन विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र अभय ने 16वें हरियाणा कप सब-जूनियर/कैडेट/जूनियर एवं सीनियर बॉयज एंड गर्ल्स क्योरुगी एवं पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप–2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता हरियाणा स्टेट ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में मुखेश आनंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, अंबाला कैंट में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में अभय ने अपने शानदार खेल कौशल, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के बल पर सभी मुकाबलों में विजय प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय पहुंचने पर विजेता छात्र का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. नीरू, प्रधान राकेश जैन तथा प्रबंधक समिति के सदस्यों ने अभय को उसकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि अभय की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।



### मांगों को लेकर बिजली कर्मियों ने की नारेबाजी

**सोनीपत।** एचएसईबी वर्कर्ज यूनियन के आह्वान पर बिजली कर्मियों ने मंगलवार को सर्कल कार्यालय परिसर में धरना दिया। उन्होंने अपनी मांगों को मनवाने के लिए सरकार व उच्च अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान बिजली कर्मियों ने अधीक्षण अभियंता को अतिरिक्त मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन भी सौंपा। कर्मचारियों ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन लागू की जाए। कर्मियों को रिस्क अलाउंस दिया जाए। समान काम समान वेतन दिया जाए। साथ ही अन्य लंबित मांगों को पूरा किया जाए। सर्कल सचिव सुमित कटारिया ने बताया कि अगर भविष्य में सरकार की ओर से उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो वह आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे। धरने की अध्यक्ष गोहाना यूनिट प्रधान अनिल देशवाल ने की। मंच संचालन राजकुमार शर्मा, प्रदीप नरवाल, राजेश मलिक ने संयुक्त रूप से किया।



### अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए स्वदेशी अपनाएं : नीतू

**गोहाना।** जवाहर लाल नेहरू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन स्वदेशी अपनाओ विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वदेशी विचारधारा के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को सुदृढ़ करना रहा। मुख्य वक्ता जीवविज्ञान प्रवक्ता नीतू शर्मा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने तथा विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम करने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि स्वदेशी अपनाने से न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हैं। कार्यक्रम के लिए संयोजन विद्यालय के प्राचार्य एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सचिन शर्मा का रहा। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमें स्वदेशी सोच को अपनाने की आवश्यकता है।

### पांच दिवसीय ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन

**सोनीपत।** शिक्षकों के लिए नवाचार और गुणवत्ता का संगम गेटवे कॉलेज ऑफ फार्मा में आयोजित पांच दिवसीय ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का समापन हुआ, जिसमें इंटीग्रेटिव एप्रोच टू टीचिंग, इनोवेशन एंड क्वालिटी एन्हांसमेंट थीम पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में डॉ. राजेश डे (आईआईयूएम मलेशिया), डॉ. अमित मित्तल (लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी), डॉ. सौरभ कोसे (आईएसएफ कॉलेज ऑफ फार्मेसी, पंजाब), डॉ. किरण महाजन (शारदचंद्र पवार कॉलेज ऑफ फार्मेसी), और डॉ. हनुमानचार जोशी (शरद विलास कॉलेज ऑफ फार्मेसी, मैसूरू) जैसे वक्ताओं ने भाग लिया। गेटवे कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉ. राहुल शर्मा ने एफडीपी के सफल समापन की घोषणा की और आयोजन समिति के सदस्यों बीरेंद्र सिंह, देवेंद्र, शिवानी, विनायक, ललित, रीना, प्रियंका और पूजा की सराहना की।



सोनीपत। कार्यक्रम में वक्ताओं एवं अतिथियों के साथ प्रतिभागी।

# आवारा कुत्तों -पशुओं की समस्या के समाधान को हेल्पलाइन सेल गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों तथा राज्य सरकार के आदेशों की अनुपालना में जिले में आवारा कुत्तों एवं आवारा पशुओं की समस्या के प्रभावी समाधान के लिए जिला स्तरीय हेल्पलाइन सेल का गठन किया गया है। इस सेल का उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करना और संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई करना है। हेल्पलाइन सेल के अंतर्गत विभिन्न खंड विकास एवं पंचायत कार्यालयों से जुड़े ग्राम सचिवों को ड्यूटी सौंपी गई है। ये कर्मचारी निर्धारित समयावधि में हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों को दर्ज करेंगे और उनके समाधान को सुनिश्चित करेंगे। प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक तथा दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक दो पालियों में ड्यूटी तय की गई है, ताकि नागरिकों को पूरे दिन सहायता उपलब्ध हो सके। नागरिक हेल्पलाइन नंबर 0130-4091320 पर आवारा कुत्तों या आवारा पशुओं से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत या सूचना दर्ज करा सकते हैं। हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों पर संबंधित क्षेत्र के नोडल अधिकारी त्वरित कार्रवाई करेंगे।

**हेल्पलाइन पर संपर्क करें**

नागरिकों से अपील है कि किसी भी समस्या की स्थिति में सीधे हेल्पलाइन से संपर्क करें। हेल्पलाइन सेल से जुड़े अधिकारी अपने कार्यकाल के दौरान सभी रिकॉर्ड संधारित करेंगे और समय-समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। अधिक जानकारी के लिए नागरिक अपने क्षेत्र के संबंधित खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।
**-सुशील सारवान, उपायुक्त, सोनीपत।**

### रेल किराये में बार-बार बढ़ोतरी की निंदा

**सोनीपत।** एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के जिला सचिव इंद्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने 26 दिसम्बर से सभी क्लास में जनरल से लेकर एसी तक मनमाने ढंग से और एक तरफा रेलवे किराया बढ़ा दिया है। रेल किराये में यह बढ़ोतरी इस साल दूसरी बार हुई है। यह बढ़ोतरी ज्यादा मैनपावर की मांग को पूरा करने के बहाने की गयी है। आज जबकि किराये में इस तरह समय-समय पर बढ़ोतरी एक रिवाज बन गया है, ट्रेन का सफर यात्रियों के लिए एक दुःस्वप्न बना हुआ है। हादसे बढ़ रहे हैं। ट्रेनों का समय पर चलना पुरानी बात हो गयी है।



### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व जनजागरूकता शिविर

**सोनीपत।** रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आर्डेंट के सहयोग से जानकीदास कपूर पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य, दंत चिकित्सा जांच एवं जनजागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर की एक प्रमुख विशेषता महिलाओं के लिए मैमोग्राफी जांच की विशेष व्यवस्था रही। सेवाएं देने वाले चिकित्सकों में डॉ. सुषमा, डॉ. काजल, डॉ. सौरभ तथा डॉ. श्रुति शामिल रहीं। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. गीतांजलि ग्रोवर, पुनीत जग्गा (अध्यक्ष), अंकुश शर्मा (सचिव), पूर्व अध्यक्ष संदीप आहूजा, एमओसी विक्की साक्षी शर्मा, डॉ. हरीश, डॉ. श्रुति भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

**एनएसएस शिविर** भगत फूल सिंह महिला विवि में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

विद्यालय की एनएसएस इकाई एक और दो के शिविर का किया विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने शुभारंभ

# एनसीसी समाज से जोड़ने की एक विचारधारा : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) स्थित कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का शुभारंभ हो गया। विद्यालय की एनएसएस इकाई एक और दो के शिविर का शुभारंभ विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने किया। विद्यालय की प्राचार्या सुमिता सिंह ने बताया कि शिविर नशे के खिलाफ जागरूकता रैली से शुरू हुआ।

कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि यह जीवन को समाज से जोडऩे की एक सशक्त विचारधारा है। एनएसएस का मूल मंत्र नॉट मी, बट यू हमें सिखाता है कि व्यक्तिगत हित से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करना ही सच्ची शिक्षा है। उन्होंने कहा कि यह शिविर छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक संवेदनशीलता को निखारने का एक महत्वपूर्ण मंच है। शिविर के दौरान छात्राएं स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता तथा ग्रामीण विकास जैसे विषयों पर कार्य करें, जो राष्ट्र निर्माण की दिशा में अत्यंत आवश्यक हैं।



गोहाना। रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश व कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव। *फोटो : हरिभूमि*

**ये रहे मौजूद**

विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, विवि की एनएसएस समन्वयक डॉ. बबीता, प्राचार्य सुमिता सिंह, एनएसएस इकाई एक की कार्यक्रम अधिकारी संजय रानी व इकाई दो की कार्यक्रम अधिकारी नीलम रानी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

## मुरथल में ठंड लगाने से अधेड़ की मौत

**सोनीपत।** मुरथल में एक व्यक्ति की ठंड लगने से मौत का मामला सामने आया है। मुरथल थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि चिकित्सकीय जांच में भी मौत का कारण ठंड लगना बताया गया। मुरथल थाना के कार्यवाहक थाना प्रभारी सतीश ने बताया कि डायल-112 पर सूचना मिली थी कि महारानी ढाबा के सामने सडक़ किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस को शव के पास से एक मोबाइल बरामद किया। जिसके आधार पर पता लगा कि शव गांव जगदीशपुर निवासी मनोज का है। पुलिस ने उसके परिजनों से संपर्क कर उन्हें मौके पर बुलाया।

## भारत के महान समाज सुधारक थे स्वामी श्रद्धानंद

**गोहाना।** रोड गोहाना स्थित आर्य समाज मंदिर में स्वामी श्रद्धानंद के 99वें बलिदान दिवस पर हवन किया गया। श्रद्धालुओं ने हवन में मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डालकर स्वामी श्रद्धानंद को श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्ति मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा कि एडवोकेट मुंशी राम विज से स्वामी श्रद्धानंद तक की जीवन यात्रा प्रत्येक व्यक्ति के लिए बेहद प्रेरणादायक है। वे भारत के प्रसिद्ध महापुरुषों में गिने जाते हैं। स्वामी श्रद्धानंद ऐसे सन्यासियों में अग्रणी थे जिन्होंने अपना सारा जीवन वैदिक धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हवन यज्ञ के पुरोहित पंडित विजेंद्र शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद ने स्वराज हासिल करने, देश को अंग्रेजों की दास्तां से छुटकारा दिलाने, दलितों को उनका अधिकार दिलाने और पश्चिमी शिक्षा की जगह वैदिक शिक्षा प्रणाली का प्रबंध करने जैसे अनेक महान कार्य किए। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

### हरियाणा बॉक्सिंग संघ की 6वीं राज्य स्तरीय अलाइट महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप

# 45-48 किलो. भारवर्ग में भारती ने स्वर्ण और माही ने रजत पदक जीता

फाइनल मुकाबलों में मुक्केबाजों के बीच जमकर चले पंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

हरियाणा बॉक्सिंग संघ की 6वीं राज्य स्तरीय अलाइट महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप के चौथे दिन मंगलवार को फाइनल मुकाबलों में मुक्केबाजों के जमकर पंच चले। फाइनल मुकाबलों में विजेता एवं उप विजेताओं को पदक और ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। यह चैंपियनशिप गोहाना में जय बाला जी स्पोर्ट्स अकादमी में 20 दिसंबर को शुरू हुई थी।

राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबलों में 45-48 किलोग्राम भारवर्ग में भारती के मुक्के अपने सब प्रतिद्वंद्वियों पर भारी पड़े। उनके पंच से स्वर्ण पदक तो उनकी प्रतिद्वंद्वी माही सिवाच के पंच से रजत पदक निकला। इस मुकाबले में रितु व सिमरन ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल करते हुए कांस्य पदक जीता। 48-51 किलोग्राम भारवर्ग में नीतू ने प्रथम, तमन्ना ने द्वितीय जबकि मानसी और भाविका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 51-54 किलोग्राम भारवर्ग में प्रियंका ने प्रथम, कीर्ति ने द्वितीय, मोनिका और दीपिका ने तृतीय, 54-57 किलोग्राम भारवर्ग में विनिका ने प्रथम, प्रिया ने द्वितीय, मोनिका और दीपिका ने तृतीय, 57-60 किलोग्राम भारवर्ग में तन्नू ने प्रथम, विधि ने द्वितीय, मीठू और शिवानी देवी ने तृतीय रहीं।



चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबलों में एक दूसरे को पंच लगाते हुए खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

### साक्षी ने बाजी मारी

60-65 किलोग्राम भारवर्ग में साक्षी ने प्रथम, रवीना ने द्वितीय, निधि और जागृती ने तृतीय, 65-70 किलोग्राम भारवर्ग में स्नेहा ने प्रथम, मनीषा ने द्वितीय, नेहा और चंचल ने तृतीय, 70-75 किलोग्राम भारवर्ग में रुद्रिका ने प्रथम, ट्विंकल ने द्वितीय, स्मृति और पूजा ने तृतीय रहीं। 75-80 किलोग्राम भारवर्ग में नैना ने प्रथम, रितु ने द्वितीय, खुशबू और मीतू रानी ने तृतीय, 80 प्लस भारवर्ग में रितिका ने प्रथम, खुशी ने द्वितीय, स्वाति और खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बॉक्सिंग के फाइनल मुकाबलें देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में खेल प्रंशसक पहुंचे।

### *खेलों से होता है बौद्धिक विकास*

*हरियाणा बॉक्सिंग संघ के प्रदेश अध्यक्ष मेजर सत्यपाल ने कहा कि खेलों से शारीरिक और बौद्धिक विकास तो होता है साथ में टीमवर्क काम करने की क्षमता का भी विकास होता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ अपनी पसंद के खेल का भी चुनाव करें। खेल मानसिक तनाव को कम करने में भी सहायक हैं। खेलों से चुनौतियों से जूझने और मनोबल के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।*

### ये रहे विशेष रूप से मौजूद

*इस अवसर पर हरियाणा बॉक्सिंग संघ के महासचिव ओमबीर हुड्डा, स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक जितेंद्र हुड्डा, अकादमी के अध्यक्ष अनिल मोर और मुख्य प्रशिक्षक नवीन हुड्डा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन्होंने चैंपियनशिप में खिलाडियों का मार्गदर्शन किया।*

विद्यालय के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने समिति के प्रयासों को सराहा

# बाल भवन के छात्रों ने भ्रमण में शैक्षिक कार्यों को देखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों को आदर्श सेवा समिति सोनीपत के भ्रमण के लिए ले जाया गया। यह समिति गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा प्रदान करने का कार्य कर रही है। विद्यार्थियों ने समिति द्वारा चलाए जा रहे शैक्षिक कार्यों को नजदीक से देखा और समझा। समिति के सदस्यों ने बच्चों को बताया कि शिक्षा से जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है और समाज की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। भ्रमण से विद्यार्थियों में सेवा भावना, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित हुई। बच्चों ने इस अनुभव को ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने आदर्श सेवा समिति के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे शैक्षिक भ्रमण आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की।

# अच्छे दोस्त वही, जो आपकी कमियां बताएं : स्वाति बांगड़

गलत संगति जीवन को कर देती है बर्बाद, इससे बचें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव बनवासा स्थित आर्यन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की एमडी डॉ. स्वाति बांगड़ ने कहा कि अच्छे दोस्त वही होते हैं जो आपकी कमियां बताकर आपको गलत रास्ते पर न जाने दें। इसलिए जीवन में संगति को अच्छी रखें और बुरी संगति से बचें।

एमडी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि किसी भी बच्चे के जीवन को संवारने और बिगाड़ने में उसकी संगति का बहुत अधिक प्रभाव होता है। अगर बच्चे की संगति अच्छी है तो वह जीवन में सफलता को प्राप्त करेगा और यदि संगति बुरी है तो जीवन बर्बाद हो जाएगा। डॉ. स्वाति बांगड़ ने कहा कि विद्यार्थी को चाहिए कि वह अच्छे दोस्त बनाए। अच्छे दोस्त वही होते हैं जो आपकी कमियां बताएं, आपको कुछ नया व बेहतर करने के लिए प्रेरित करें और आपको सही रास्ते पर लेकर जाएं। विद्यालय में हमेशा ऐसे दोस्तों का चयन करें आपकी पढ़ाई और खेलों में आगे बढ़ने के लिए मदद करें। अच्छी संगति से मन को शांत, निर्मल और सकारात्मक रखती है जबकि बुरी संगति का प्रभाव ठीक इसके विपरित होता है।



# क्षमता निर्माण कार्यशाला, शिक्षकों को मिला नवदृष्टि का मार्गदर्शन

**राई।** ओम शांति शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नाथूपुर में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित एकदिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का भव्य, अनुशासित एवं ज्ञानवर्धक आयोजन किया गया। मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के अनुरूप शिक्षकों को समग्र, कौशल आधारित तथा छात्र-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों से सशक्त करना रहा। कार्यशाला का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके उपरांत सीबीएसई द्वारा नियुक्त रिसोर्स पर्सन रीतू सिंह एवं पूजा जिंदल को स्कूल की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।




कार्यशाला के प्रतिभागी शिक्षक प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

### छात्र-केंद्रित शिक्षण रणनीतियों पर किया मंथन

कार्यशाला विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार गुप्ता एवं प्रबंधक आदित्य भारद्वाज के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। कार्यशाला के दौरान रिसोर्स पर्सन ने शिक्षकों के साथ संवादात्मक प्रश्न-उत्तर सत्र, विचारोत्तेजक समूह चर्चा,गतिविधि-आधारित शिक्षण अभ्यास,केस-स्टडी पर सामूहिक कार्य, कक्षा शिक्षण से जुड़े व्यावहारिक उदाहरणों का प्रस्तुतीकरण, अनुभवात्मक एवं खोज आधारित शिक्षण गतिविधियाँ, मूल्यांकन में नवाचार एवं दक्षता आधारित मूल्यांकन पद्धतियां, तथा छात्र-केंद्रित शिक्षण रणनीतियों पर प्रभावी कार्यशाला अभ्यास कराए। प्राचार्य ने कहा कि कार्यशाला से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुदृढ़ आधार मिलता है, साथ ही उन्होंने रिसोर्स पर्सन, अतिथियों एवं प्रतिभागी शिक्षकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# मारपीट के बाद युवक का अपहरण पिता की शिकायत पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव से बाइक पर जींद जा रहे एक युवक का रास्ते में मारपीट कर अपहरण करने का मामला सामने आया है। घटना से पहले युवक ने अपने एक जानकार को फोन कर चार-पांच युवकों द्वारा मारपीट किए जाने और पीछा किए जाने की जानकारी दी थी।

इसके बाद युवक लापता हो गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो नूरनखेड़ा गांव के पास नहर किनारे युवक की बाइक और कोट पड़े मिले, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने युवक के पिता की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जांच में जुटी पुलिस

खंदराई गांव के नानक ने बताया कि उसका बेटा अशोक तुड़ा का काम करता है। मंगलवार सुबह करीब सात बजे अशोक अपनी बाइक से जींद के लिए निकला था। करीब सवा आठ बजे जब वह जींद रोड पर नूरनखेड़ा गांव के पास नहर के नजदीक पहुंचा, तो उसने अपने जानकार नवीन को फोन किया। अशोक ने बताया कि चार-पांच युवक उसके पीछे लगे हुए हैं और उन्होंने उसके साथ मारपीट की है। डर के चलते वह बाइक मोड़कर नूरनखेड़ा की ओर आ रहा है।नवीन ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद परिजन भी मौके पर पहुंचे, जहां नहर किनारे अशोक की बाइक खड़ी मिली और दूसरी ओर उसका कोट पड़ा था, लेकिन अशोक वहां मौजूद नहीं था। नानक का आरोप है कि उसके बेटे का अपहरण किया गया है। बरोदा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।



### उपायुक्त ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**खरखौदा।** जिला उपायुक्त सुशील सारवान ने एसडीएम डॉ. निर्मल नागर के साथ सरकारी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जिला उपायुक्त मुख्यमंत्री की प्रस्तावित रैली के संबंध में खरखौदा पहुंचे थे। एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों की बैठक के दौरान उन्होंने सीएमओ डा. ज्योत्सना से कहा कि खरखौदा सरकारी अस्पताल को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने सीएमओ को नियमित रूप से अस्पताल का दौरा कर व्यवस्थाओं में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के बाद डीसी ने अचानक अस्पताल पहुंचकर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मरीजों के लिए कंबल उपलब्ध न होने पर उन्होंने नाराजगी जताई और तुरंत व्यवस्था करने के आदेश दिए। वहीं जून माह से अस्पताल में रखी गई कई जांच मशीनों के अब तक शुरू न हो पाने पर उन्होंने प्रबंधन को अपने उच्च अधिकारियों से समन्वय कर तत्काल सीपीयू खरीदने के निर्देश दिए, ताकि मशीनें जल्द चालू हो सकें।

# अवैध हथियारों सहित दो युवक गिरफ्तार, केस

**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत अवैध हथियारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग घटनाओं में दो आरोपितों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में गिरफ्तार आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पहली घटना में जिले की एसयूएजी यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत की टीम ने कार्रवाई की। 22 दिसंबर को मुख्य सिपाही सुमित अपनी पुलिस टीम के साथ बहालगढ़ चौक पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान खुफिया सूचना मिली कि गौरव निवासी गांव खेवड़ा, जिला सोनीपत अवैध पिस्तौल लेकर बहालगढ़ से खेवड़ा रोड पर 334बी रोड फ्लाईओवर के नीचे किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदेह के आधार पर युवक को काबू कर पूछताछ की। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल बरामद हुई। इस संबंध में थाना बहालगढ़ में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। बाद में मुख्य सिपाही धर्मेंद्र की अगुवाई में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



विधायक का सम्मान करते ब्राह्मण समाज से संबंधित व्यक्ति। *फोटो : हरिभूमि*

# विधायक खरखौदा का किया सम्मान

**खरखौदा।** ब्राह्मण चौपाल खरखौदा में विधायक पवन खरखौदा का ब्राह्मण समाज द्वारा नोटों की मालाओं और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। यह सम्मान ब्राह्मण महिला दानदाता घुघड़ी देवी के नाम से स्मारक बनाए जाने का मुद्दा विधानसभा में उठाने पर किया गया। इस अवसर पर विधायक ने 28 दिसंबर को होने वाली मुख्यमंत्री रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। उन्होंने जर्जर हालत में पहुंच चुकी ब्राह्मण चौपाल के जीर्णोद्धार के लिए अपनी ग्रांट से 55 लाख रुपये देने की घोषणा की। विधायक ने कहा कि गोहाना भले ही जिला बन जाए, लेकिन खरखौदा को गोहाना में शामिल नहीं होने दिया जाएगा और ऐसा समाधान निकाला जाएगा, जिससे खरखौदा को और अधिक सुविधाएं मिलें। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के प्रधान अमित पाराशर का भी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। विधायक ने अपने स्वागत में मिली नोटों की मालाओं से 5100 रुपये छपडेश्वर मंदिर में दान देने की घोषणा की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नरेश पाराशर, सरपंच विनोद गोपालपुर, संदीप कंवाली, जयपाल राणा, मुकेश, बाल किशन, पार्षद मुकेश, अनिल, सीता राम, अक्षय कौशिक आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

व्यापारियों ने किया स्वागत

# हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सोनीपत चैप्टर का शुभारंभ, छाबड़ा बने चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन परिसर में हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्योग और व्यापार से जुड़े मुद्दों को संगठित मंच प्रदान करने व उनके समाधान की दिशा में ठोस पहल करने के लिए चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सोनीपत चैप्टर का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, व्यापारियों और संगठन पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में सोनीपत चैप्टर की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। सर्वसम्मति से राकेश छाबड़ा को सोनीपत चैप्टर का चेयरमैन नियुक्त किया गया। राकेश छाबड़ा वर्तमान में राई इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन के प्रधान भी हैं और उद्योग क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई।

### उद्योगों को नई दिशा देंगे




बड़ी औद्योगिक क्षेत्र से से मनीष छाबड़ा को सेक्रेटरी तथा राजेश ठक्कर को सोनीपत चैप्टर का फाइनेंस सेक्रेटरी नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री इतिहास और कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर स्टेट प्रेसिडेंट विनोद खंडेलवाल, अम्बाला से सेक्रेटरी आलोक, अश्विनी गोयल, कुरुक्षेत्र से डॉ. एन.पी. गुप्ता,करनाल से चेयरमैन सुशील जैन व सेक्रेटरी चोपड़ा, पानीपत से चेयरमैन विनोद धमीजा, सेक्रेटरी राजीव अग्रवाल, बीर भान सिंगला, गिरधारी छाबड़ा सहित कई गणमान्य उद्योगपति उपस्थित रहे। संचालन वीरेन्द्र सिंघल ने किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि सोनीपत चैप्टर के गठन से न केवल गतिविधियों को नई गति मिलेगी, बल्कि सोनीपत के उद्योगों और व्यापारियों को भी एक मजबूत और प्रभावी मंच प्राप्त होगा। राई इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान राकेश छाबड़ा ने सभी का आभार जताया।



# टीबी के मरीजों में पौष्टिक आहार किट वितरित की

**गोहाना।** मंगलवार को नागरिक अस्पताल गोहाना में अडानी फाउंडेशन समूह मुंडलाना द्वारा टीबी के मरीजों में पौष्टिक आहार युक्त किटें वितरित की गई। कार्यक्रम में आईएएस एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय मुख्य अतिथि रहीं। मरीजों में राशन 200 किटें वितरित की गईं। मरीजों में ये किटें प्रतिमाह छह महीने तक वितरित की जाएंगी। एसडीएम ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद एवं आर्थिक कमजोर मरीजों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मरीजों के उत्तम स्वास्थ्य एवं सुविधाओं के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक कदम उठाएं जा रहें हैं। मरीजों और चिकित्सकों को एक दूसरे के प्रति सौम्य व्यवहार करना चाहिए। अस्पताल प्रशासन द्वारा अडानी ग्रुप का आभार व्यक्त किया। अडानी फाउंडेशन समूह मुंडलाना के प्लांट प्रमुख अनुराग त्रिपाठी, एचआर प्रमुख प्रेम यादव और सीएसआर कमल सिंह यादव ने कहा कि भी भविष्य में सेवा कार्य जारी रखा जाएगा। इस मौके पर एसएमओ डा. दिनेश छिल्लर, डा. श्याम सुंदर नरवाल, डा. छवि राठी, डा. चक्रवर्ती शर्मा व संदीप शर्मा उपस्थित रहे।

## आरपीएस में दिखेगा 25 दिसंबर को दिखेगा नन्हे उद्यमियों का हुनर

**गन्नौर।** बीएसटी कॉलोनी स्थित आरपीएस मैदान में 25 दिसंबर को सुशासन दिवस अनूठे अंदाज में मनाया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा उत्सव को विद्यार्थी उद्यमिता और कौशल विकास को समर्पित किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा स्वयं संचालित किए जाने वाले स्टॉल होंगे। स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की थीम सपनों से स्टार्टअप तक होगी। छात्रों द्वारा संचालित स्टॉल और स्टार्टअप प्रदर्शनी आकर्षक का केन्द्र होगी। इससे बच्चों में मार्केटिंग, प्रेजेंटेशन स्किल्स, वित्तीय साक्षरता वोकल फॉर लोकल के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। यह प्रयास बच्चों को भविष्य का जिम्मेदार और आत्मविश्वास से भरा युवा उद्यमी बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। आयोजन में खान-पान (फूड) और खेलों (गेम) के सभी स्टॉल का पूरा प्रबंधन आरपीएस के छात्र ही संभालेंगे। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को कक्षा से बाहर निकाल कर वास्तविक दुनिया के कौशल सिखाना है। अभिभावकों की उपस्थिति छात्रों का हौसल्ला बढ़ाएगी। उन्होंने अभिभावकों और बच्चों को शामिल होने की अपील की।